प्रेस नोट **20/02/2025**

01 वांछित तथा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 19/20.02.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर भुजौटी से मु0अ0सं0 410/24 धारा 34,406,420,467,468,471,504,506 भादवि में वांछित अभियुक्त सुशील पाण्डेय पुत्र स्व0 चन्द्रभुषण पाण्डेय निवासी ऑफिसर कॉलोनी भुजौटी थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ तथा थाना कोपागंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त विनीत राय पुत्र हौसला राय निवासी सहरोज थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

जुआ खेलते 03 जुआरी गिरफ्तार कब्जे से संबंधित फंड के 33500 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा 3440 रुपये बरामद–

दिनांक 19.02.2025 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर उसरी में शिव मंदिर के परिसर में हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 03 अभियुक्त विशाल मल्ल पुत्र मोहन मल्ल, ज्ञानप्रकाश मल्ल पुत्र स्व0 अनिरूद्ध मल्ल व विजय मद्देशिया पुत्र स्व0 पनालाल मद्देशिया निवासीगण उसरी थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से संबंधित फंड के 33500 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा 3440 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 56/25 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।